भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 19.07.2025

## आरेडिका में महाप्रबंधक के आह्वान पर वृक्षारोपण की लहर

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के आह्वान पर जुलाई माह में वृहत स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, ज्ञानदा बाल मन्दिर स्कूल तथा स्काउट्स एंड गाइड के बच्चों, यूनियनों और महिलाओं द्वारा अलग–अलग स्थानों पर वृक्षारोपण कर सरकार के पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को लगातार गति प्रदान की जा रही है।

ग्रीन इंनेशिएटिव पहल की दिशा में कदम उठाते हुए कर्मचारी प्रतिनिधियों एवं उनकी टीम द्वारा टाइप 3 एवं टाइप 2 आवासीय कॉलोनी तथा तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र, में वृक्षारोपण किया गया जिसमें आँवला, अमरूद, जामुन के पौधे लगाए गए।

एस एण्ड टी एवं आईटी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आरेडिका आवासीय परिसर स्थिति टेलीफोन एक्सचेन्ज परिसर में पौधे लगाए गए। स्काउट्स एंड गाइड सेण्टर पर कामेश्वर पासवान मुख्य जिला आयुक्त, एन. के वर्मा जिला आयुक्त स्काउट की उपस्थिति में स्काउट्स एवं गाइड द्वारा 68 पौधे लगाए गए एवं बच्चो द्वारा पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी ली गयी।

पर्यावरण संरक्षण हेतु रेलवे सुरक्षा बल टीम द्वारा टाइप 4 सिंगल स्टोरी व मथना नाला के बीच स्थित पार्क में तथा आलोक जौहरी रोड के किनारे नीम के 500 सीड्स व 50 आम व 25 जामुन सहित कुल 575 सीड्स रोपित किये गये तथा बैरक ग्राउण्ड एवं उसके आसपास के स्थानों में वृक्षारोपण किया गया। गोल्फ कोर्स एरिया में आरेडिका खेल–कूद संघ के अध्यक्ष बीएल मीना और पदम्श्री एवं अर्जुन अवार्डी खेल–कूद अधिकारी सुधा सिंह ने गोल्फ सदस्यों के साथ पौधे लगाऐ।

ज्ञानदा बाल मंदिर के छोटे–छोटे बच्चों और महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं द्वारा ज्ञानदा बाल मंदिर में पौधे लगाए गए। फैक्ट्री परिसर में बोगीशॉप के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधे लगाऐ।

आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, ने बताया कि पीपल, नीम, आम, जामुन, अमलताश, गुलमोहर, कचनार, पाकड़, करेंज, आदि के कुल 50000 पौधों तथा 2.75 लाख बीजों के रोपण की योजना है।

महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने कर्मचारियों एवं सभी यूनियनों के कर्मचारी प्रतिनिधियों को वृक्षारोपण में विशेष योगदान के लिए बधाई दी।

19.7.2025

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी